# SWACHH VAARTA

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
भारत सरकार
MINISTRY OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर



# जुलाई-अगस्त 2025 संस्करण

हर घर तिरंगा
हर घर स्वच्छता

Safai Apnao Bimaari Bhagao
1st July – 31st July

SWACHH SURVEKSHAN
Reduce | Reuse | Recycle 2024-2025

## स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0 न्यूज़लेटर

सत्यमेव जयते

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
भारत सरकार

MINISTRY OF HOUSING AND
URBAN AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA



" स्वच्छता से जुड़े प्रयासों के आर्थिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक पहलू हैं। ठोस और सुविचारित संकल्पों के साथ वर्ष 2047 तक विकसित भारत दुनिया के सबसे स्वच्छ देशों में से एक होगा। "

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**
मान्नीय राष्ट्रपति



“ जब देश एक सोच पर एक साथ आ जाए, तो असंभव भी संभव हो जाता है। ‘स्वच्छ भारत मिशन’ इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जल्द ही इस मिशन को 11 साल पूरे होंगे। लेकिन, इसकी ताकत और इसकी जरूरत आज भी वैसी ही है। इन 11 वर्षों में ‘स्वच्छ भारत मिशन’ एक जन-आंदोलन बना है| लोग इसे अपना फर्ज मानते हैं और यही तो असली जन-भागीदारी है। ”

**श्री नरेंद्र मोदी**
**माननीय प्रधानमंत्री**

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार

## माननीय राष्ट्रपति ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 पुरस्कार प्रदान किए




भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार विज्ञान भवन, नई दिल्ली में प्रदान किए गए, जिसका आयोजन आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) द्वारा किया गया। 23 सुपर स्वच्छ लीग शहरों को केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल और MoHUA के राज्य मंत्री श्री तोखन साहू की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। भारत के स्वच्छ शहरों की नई पीढ़ी का आगमन हुआ, जिसमें अहमदाबाद, भोपाल और लखनऊ शीर्ष स्वच्छ शहरों के रूप में उभरे। कुल 43 राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा की गई, जिसमें महाकुंभ के लिए विशेष सम्मान भी शामिल रहा।



# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार

## इंदौर, सूरत और नवी मुंबई ने प्रतिष्ठित सुपर स्वच्छ लीग में प्रवेश किया

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 ने एक विशेष लीग की शुरुआत की — सुपर स्वच्छ लीग (SSL), जो स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों की एक अलग लीग है। इस लीग में वे शहर शामिल हैं, जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में रहे हैं और वर्तमान वर्ष में अपनी जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 20% में बने हुए हैं।












# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार




“माननीय प्रधानमंत्री जी का संदेश है कि स्वच्छता एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है - रुकना या थकना नहीं है। इसी दृष्टि से, SBM-U 2.0 को 1 अक्टूबर 2021 से ‘कचरा मुक्त शहर’ के लक्ष्य के साथ शुरू किया गया। आज देश के 80% ठोस कचरे का प्रतिदिन प्रसंस्करण हो रहा है और घर-घर कचरा संग्रहण का कवरेज 98% तक पहुँच चुका है।”

**श्री मनोहर लाल खट्टर**
**केंद्रीय मंत्री, MoHUA**



“The role of Swachh Survekshan is a powerful competitive tool that has driven cities to perform better and the revamped framework - featuring 10 new parameters and five distinct population categories - has enabled smaller cities to compete on an equal footing with larger ones, fostering inclusive and widespread progress. Having successfully completed 10 years of Swachh Bharat Mission, it is the time, where we need to plan, not just for the next decade, but also need to set the roadmap for Viksit Bharat by 2047.”

**Shri Srinivas Katikithala**
**Secretary, MoHUA**

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार

## अहमदाबाद, भोपाल और लखनऊ देश के नए स्वच्छ शहरों के रूप में उभरे

स्वच्छता के विभिन्न मानदंडों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शहरों, छावनियों और संस्थानों को 78 पुरस्कार प्रदान किए गए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में 54 संकेतकों वाले 10 सुपरिभाषित मानदंडों का उपयोग करते हुए शहरी स्वच्छता और सेवा वितरण का आकलन करने के लिए एक स्मार्ट, संरचित दृष्टिकोण अपनाया गया। पहली बार, शहरों को जनसंख्या के आधार पर पाँच श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया: (1) बहुत छोटे शहर: <20,000 जनसंख्या, (2) छोटे शहर: 20,000-50,000 जनसंख्या, (3) मध्यम शहर: 50,000 - 3 लाख जनसंख्या, (4) बड़े शहर: 3-10 लाख जनसंख्या और (5) दस लाख से अधिक आबादी वाले शहर: >10 लाख जनसंख्या।




अहमदाबाद




भोपाल




लखनऊ

# विशेष पुरस्कार

केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने प्रयागराज को सर्वश्रेष्ठ गंगा टाउन का पुरस्कार प्रदान किया, जबकि सिकंदराबाद छावनी को उसके उत्कृष्ट स्वच्छता प्रयासों के लिए सर्वश्रेष्ठ छावनी बोर्ड का पुरस्कार दिया गया। जीवीएमसी विशाखापत्तनम, जबलपुर और गोरखपुर को स्वच्छता कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान के प्रति उनकी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता के लिए सर्वश्रेष्ठ सफाईमित्र सुरक्षित शहर घोषित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार, प्रयागराज मेला अधिकारी और प्रयागराज नगर निगम को विश्व के सबसे बड़े महाकुंभ के दौरान उनके असाधारण अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया, जिसमें अनुमानित 66 करोड़ लोगों ने भाग लिया था।




**प्रयागराज**
**सर्वश्रेष्ठ गंगा टाउन**




**सिकंदराबाद**
**सर्वश्रेष्ठ छावनी परिषद्**




**विशाखापत्तनम**
**सर्वश्रेष्ठ सफाईमित्र सुरक्षित शहर**

# प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर

इस वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण ने न केवल बड़े शहरों के लिए रूपरेखा को परिष्कृत और सुव्यवस्थित किया, बल्कि छोटे शहरों के लिए भी इसे सरल बनाया, जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धा करने और स्वच्छता की सीढ़ी चढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सर्वेक्षण में छोटे शहरों को बड़े शहरों के साथ समान अवसर मिले। 'एक शहर, एक पुरस्कार' सिद्धांत का पालन करते हुए, प्रत्येक राज्य के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों को प्रॉमिसिंग स्वच्छ शहर के रूप में मान्यता दी गई। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 34 शहरों ने यह सम्मान अर्जित किया, जिससे शहरी स्वच्छता और स्वच्छता उत्कृष्टता में उनकी उल्लेखनीय प्रगति प्रदर्शित हुई।




श्री विजय पुरम

राजमहेंद्रवरम







जयरामपुर

**Promising Swachh Shehar of State/UT**

| STATE | CITIES |
|---|---|
| 1. A&N ISLANDS | SRI VIJAYA PURAM |
| 2. ANDHRA PRADESH | RAJAHMUNDRY |
| 3. ARUNACHAL PRADESH | JAIRAMPUR |
| 4. ASSAM | NORTH LAKHIMPUR |
| 5. ASSAM | GUWAHATI |
| 6. BIHAR | PATNA |
| 7. CHHATTISGARH | RAIPUR |
| 8. DADRA NAGAR HAVELI AND DAMAN DIU | DAMAN |
| 9. GOA | SANQUELIM |
| 10. GUJARAT | VADODARA |
| 11. HARYANA | SONIPAT |
| 12. HIMACHAL PRADESH | THEOG |
| 13. JAMMU AND KASHMIR | JAMMU |
| 14. JHARKHAND | BUNDU |
| 15. KARNATAKA | DAVANAGERE |
| 16. KERALA | MATTANNUR |
| 17. LADAKH | KARGIL |
| 18. MADHYA PRADESH | GWALIOR |
| 19. MAHARASHTRA | PIMPRI CHINCHWAD |
| 20. MANIPUR | JIRIBAN |
| 21. MEGHALAYA | SHILLONG |
| 22. MIZORAM | LUNGLEI |
| 23. NAGALAND | JALUKIE |
| 24. ODISHA | BHUBANESWAR |
| 25. PUDUCHERRY | OULGARET-OZHUKARAI |
| 26. PUNJAB | BATHINDA |
| 27. RAJASTHAN | JAIPUR GREATER |
| 28. SIKKIM | MANGAN |
| 29. TAMIL NADU | NAMAKKAL |
| 30. TELANGANA | GREATER HYDERABAD |
| 31. TRIPURA | KHOWAI |
| 32. UTTAR PRADESH | AGRA |
| 33. UTTARAKHAND | LALKUAN |
| 34. WEST BENGAL | BASIRHAT (M) |

मन की बात

# एपिसोड-124

## माननीय प्रधानमंत्री ने स्वच्छता पर कहा...

मन की बात के 124वें एपिसोड में, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 11 वर्षों में स्वच्छता जन आंदोलन की उल्लेखनीय यात्रा की सराहना की। उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 15 करोड़ से अधिक नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी पर प्रकाश डाला, जो स्वच्छता और नागरिक उत्तरदायित्व के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने देश भर से प्रेरक कहानियां भी साझा कीं, जिनमें कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण और नदी पुनरुद्धार में समुदाय-संचालित प्रयासों को दर्शाया गया, जो स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के प्रमुख स्तंभ हैं।









# एपिसोड-124

## माननीय प्रधानमंत्री ने स्वच्छता पर कहा...

**साथियो, स्वच्छता को लेकर हमारे शहर और कस्बे अपनी जरूरतों और माहौल के हिसाब से अलग-अलग तरीकों से काम कर रहे हैं| और इनका असर सिर्फ इन शहरों तक नहीं है, पूरा देश इन तरीकों को अपना रहा है |** उत्तराखंड में कीर्तिनगर के लोग, पहाड़ों में waste management की नई मिसाल कायम कर रहे हैं | ऐसे ही मेंगलुरु में technology से organic waste management का काम हो रहा है |



**अरुणाचल में एक छोटा सा शहर रोइंग है | एक समय था जब यहाँ लोगों के स्वास्थ्य के सामने waste management बहुत बड़ा challenge था | यहाँ के लोगों ने इसकी जिम्मेदारी ली |** 'Green Roing Initiative' शुरु हुआ और फिर recycled waste से पूरा एक पार्क बना दिया गया | ऐसे ही कराड़ में, विजयवाड़ा में, water management के कई नए उदाहरण बने हैं | अहमदाबाद में River Front पर सफाई ने भी सबका ध्यान खींचा है |




**साथियो, भोपाल की एक team का नाम है 'सकारात्मक सोच' | इसमें 200 महिलायें हैं |** ये सिर्फ सफाई नहीं करती, सोच भी बदलती हैं | एक साथ मिलकर शहर के 17 पार्कों की सफाई करना, कपड़े के थैले बांटना, इनका हर कदम एक संदेश है | ऐसे प्रयासों की वजह से ही भोपाल भी अब स्वच्छ सर्वेक्षण में काफी आगे आ गया है |



**लखनऊ की गोमती नदी team का जिक्र भी जरूरी है | 10 साल से हर रविवार, बिना थके, बिना रुके इस team के लोग स्वच्छता के काम में जुटे हैं |** छत्तीसगढ़ के बिल्हा का उदाहरण भी शानदार है | यहां महिलाओं को waste management की training दी गई, और उन्होंने मिलकर, शहर की तस्वीर बदल डाली |



# Safai Apnao Bimaari Bhagao

1st July – 31st July

## जल जनित और वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के लिए दो-आयामी दृष्टिकोण

**मुख्य केंद्र**

- नागरिकों और शहरी स्थानीय निकायों को संगठित करना
- स्वच्छता और जागरूकता उपायों को लागू करना


हाथ स्वच्छ


घर स्वच्छ


आस-पड़ोस स्वच्छ



शौचालय स्वच्छ


नालियां और जल निकाय स्वच्छ


सार्वजनिक स्थल स्वच्छ

# स्वच्छता के 6 मूलमंत्र

## हाथ स्वच्छ

**बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता और हाथ धोने को बढ़ावा देना, झुग्गी-झोपड़ियों, स्कूलों और अन्य शहरी स्थानीय निकायों द्वारा चिन्हित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना**

### शाहदरा, दिल्ली



स्कूलों में हाथ धोने और अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता अभियान।

### छत्तीसगढ़




500 से अधिक बच्चों ने हाथ की स्वच्छता, रोग निवारण के तरीके सीखे और शपथ ली।

### श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर



एसएमसी और स्वाहा स्वच्छता एग्ज़िक्यूटिव ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए "क्लीन हैंड्स आर्ट मेकिंग" कार्यक्रम आयोजित किया।

## स्वच्छ शौचालय

**सीटी/पीटी (सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालय) के रखरखाव और साफ-सफाई हेतु स्वच्छता अभियान चलाना तथा शौचालय उपयोगकर्ताओं के व्यवहार में सुधार को बढ़ावा देना।**

### जयपुर, राजस्थान




जल और वेक्टर जनित रोगों से लड़ने के लिए एक सीटी/पीटी स्वच्छता अभियान

### गोरखपुर, उत्तर प्रदेश



नागरिकों को सुरक्षित और स्वच्छ शौचालय सुविधा प्रदान करने के लिए एक सप्ताह तक सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई का अभियान चलाया गया।

### सूरत, गुजरात



शहर के सभी सीटी/पीटी (सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों) के रखरखाव और साफ-सफाई के माध्यम से शौचालय उपयोगकर्ताओं के व्यवहार में सुधार लाना।

# स्वच्छता के 6 मूलमंत्र

## स्वच्छ घर

**स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए घर-घर निगरानी और जागरूकता पर विशेष ध्यान।**

### मुंबई, महाराष्ट्र



आवासीय सोसाइटियों और बैक लेन में गहन सफाई अभियान तथा कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण को लेकर जागरूकता का प्रयास।

### सूरत, गुजरात



हरे और नीले कूड़ेदान के महत्व और कम्पोस्टिंग (जैविक खाद बनाने) पर डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान।

### केरल



जलजमाव की निगरानी के लिए पूरे राज्य में घर-घर सर्वेक्षण तथा जलजनित और वेक्टर जनित रोगों पर जागरूकता अभियान।

## नालियों और जल निकायों की सफाई

**नालियों को जाम होने से बचाने और जल निकायों में कचरा जाने से रोकने के लिए प्रतिदिन नालियों की सफाई।**

### आर्मूर, तेलंगाना



जल जमााव और मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए नाालियों की सिल्ट का सफाई अभियाान।

### जैसलमेर, राजस्थान



सफाईमित्रों ने गड़ीसर झील में प्लास्टिक कचरे की सफाई की।

### मीरा भयंदर, महाराष्ट्र



90 मिनट में 650 से अधिक स्वयंसेवकों ने वेलंकन्नी बीच से 5 टन कचरा साफ किया।

# स्वच्छता के 6 मूलमंत्र

## स्वच्छ आस-पड़ोस

**स्वच्छ और स्वस्थ आस-पड़ोस के लिए नागरिकों की जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करने का लक्षित प्रयास**

### गया, बिहार



शहर के सभी अस्पतालों में व्यापक एंटी-लार्वीसाइड छिड़काव।

### इंदौर, मध्यप्रदेश



बैकलेन्स में फॉगिंग और कीटनाशक स्प्रे

### पुनालूर, केरल



अट्टमाला बैकवाटर्स में डीप क्लीनिंग ड्राईव

## स्वच्छ सार्वजनिक स्थान

**अधिक आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देते हुए शहरों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कचरा-संवेदनशील स्थलों को कम किया गया, विशेष रूप से कचरा संग्रहण में सुधार किया।**

### नवी मुंबई, महाराष्ट्र



बेलापुर मंदिर में नागरिकों और स्वच्छता दूतों के सहयोग से विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

### एनडीएमसी, दिल्ली



संसद भवन में निरीक्षण और फॉगिंग अभियान।

### इंदौर, मध्यप्रदेश



ICSI चैप्टर और एमसी ने राजवाड़ा सर्कल में स्वच्छता अभियान चलाया, जागरूकता फैलाई और स्वच्छता शपथ दिलाई।

# अभिनव पहल



### धुबरी, असम

फीडबैक फाउंडेशन और विवेकानंद विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय के साथ इसे एक जीरो वेस्ट स्कूल के रूप में विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।

### आगरा, उत्तर प्रदेश

आगरा, उत्तर प्रदेश स्मार्ट हेल्थ सेंटर ने सफाईमित्रों के लिए निःशुल्क जांच और दवाइयां प्रदान कीं।







### एमसीडी, दिल्ली

400 एनसीसी गर्ल कैडेट्स के साथ, 300 किलोमीटर की पिंकाथन का आयोजन किया गया, जिसके बाद स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### प्रयागराज, उत्तर प्रदेश

स्ट्रीट आर्टिस्ट ने मानसून में होने वाली बीमारियों व उनसे बचाव पर आधारित नुक्कड़ नाटक और जागरूकता गीत प्रस्तुत किए।





### भुवनेश्वर, ओडिशा

30 स्कूलों में ज़ीरो वेस्ट अभियान के तहत छात्रों को गीले कचरे से खाद बनाना और सूखे कचरे को अलग करना सिखाया गया।

# अभिनव पहल



## औरंगाबाद, महाराष्ट्र

छत्रपति संभाजीनगर के युवाओं ने जागरूकता फैलाने के लिए फुटबॉल मैच खेला।



## विजयपुर, जम्मू और कश्मीर

स्वाहा स्वच्छता के सहयोग से 'क्लीन हैंड्स आर्ट' गतिविधि आयोजित की गई। बच्चों ने हाथों के निशान का उपयोग करके ट्री ऑफ लाइफ का भित्ति चित्र (Mural) बनाया।




## पटना, बिहार

पटना नगर निगम ने मैनहोल एम्बुलेंस शुरू कीं — जो विशेष रूप से मैनहोल की त्वरित मरम्मत के उपकरणों से लैस हैं।



## बेलगावी, कर्नाटक

बेलगावी स्मार्ट सिटी, कर्नाटक ने 'स्वच्छ हाथ अभियान' का नेतृत्व किया, जो 120 से अधिक स्कूलों में 50,000 से अधिक छात्रों तक पहुंचा।



## तिनसुकिया

असम के तिनसुकिया में एक अनाथालय में विशेष आउटरीच का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता जागरूकता सत्र हुआ और RRR केंद्र की ओर से कपड़े वितरित किए गए।

# अभियान के परिणाम








**31,90,000**

स्कूली बच्चों ने हाथ धोने की गतिविधि में भाग लिया।

**3,99,000**

स्वच्छता अभियानों का संचालन किया गया।

**55,17,000**

लोगों को घर-घर जागरूकता अभियानों के माध्यम से जोड़ा गया।

**63,000**

सामुदायिक/ सार्वजनिक शौचालयों की पूरी तरह से सफाई की गई।

**5,28,000**

किलोमीटर नालियों की सफाई की गई।

# स्वच्छता के लिए एकजुट भारत



# गंदे सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों से आजादी

## जम्मू और कश्मीर




जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा मार्ग पर हजारों मोबाइल शौचालय स्थापित किए गए, जिनकी सफाई सफाईमित्रों द्वारा प्रतिदिन दो बार की गई, जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकीं।

## जयपुर




ग्रेटर जयपुर में विशेष स्वच्छता अभियान का फोकस सार्वजनिक उपयोग के लिए स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराना रहा।

# गंदे जलस्रोतों से आजादी

## कटनी



टीम स्वच्छ ने मध्य प्रदेश के कटनी में बाबा घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया, स्वच्छता को बढ़ावा दिया और आगंतुकों से इसे कचरा मुक्त रखने का आग्रह किया।

## पटना



पटना नगर निगम ने पाटलिपुत्र जोन के बैंकिपुर घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमें अवैध रूप से फेंके गए C&D waste को साफ किया गया।

# जाम नालियों से आजादी

## तिरुवल्ला, केरल



केरल में सफाई कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से नालियों की साफ-सफ़ाई की और एक स्वच्छ राज्य बनाने में योगदान दिया।

## चांदमारी, गुवाहाटी



सफाईमित्रों ने गुवाहाटी के चांदमारी में रेलवे नाली की गंदगी निकालने का काम किया ताकि बेहतर जल निकासी सुनिश्चित की जा सके।

# मिक्स वेस्ट से आजादी

## दावणगेरे, कर्नाटका



कर्नाटक के दावणगेरे में एक कार्यशाला में नागरिकों को लाइव प्रदर्शन के माध्यम से कचरा पृथक्करण के बारे में शिक्षित किया गया, जिसके बाद कम्पोस्ट बिन का वितरण किया गया।

## कुलगाम, जम्मू और कश्मीर



कुलगाम में जिम्मेदार नागरिकों द्वारा कचरा पृथक्करण और सफाई कर्मचारियों द्वारा नियमित संग्रहण से शहर को स्वच्छ बनाए रखना संभव होता है।

# सीटीयू से आजादी

## डिब्रूगढ़







डिब्रूगढ़ नगर निगम ने कूड़े से भरे कोल रोड को स्वच्छ बनाया और दीवारों को स्वच्छता संदेश से भर कर सौंदर्यीकरण किया।

## रायपुर







रायपुर नगर निगम द्वारा एसबीएम-यू 2.0 के अंतर्गत खमतराई, रायपुर में सी.टी.यू. की सफाई एवं सौंदर्यीकरण किया गया।

# प्लास्टिक से आजादी

## नागपुर



नागपुर में महिला स्वयं सहायता समूहों ने प्लास्टिक इकट्ठा कर कपड़े के थैले बांटे, और नागरिकों से #SUP को अस्वीकार करने का आग्रह किया।

## तिरुपति



तिरुपति का रायतू बाज़ार अब प्लास्टिक-मुक्त हो गया है, और खरीदारों को कपड़े या पुनः उपयोग होने वाले थैले लाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# डंपसाइट से आजादी

## कोच्चि, केरल







कोच्चि के ब्रह्मापुरम डंपसाइट में बड़े पैमाने पर बायो-माइनिंग की गई है, जिससे 2025 की शुरुआत तक 92% पुराने कचरे को हटा दिया गया है और 22 एकड़ भूमि को पुनः प्राप्त किया गया है। कभी एक ऊँचा कचरे का ढेर रहा यह स्थल अब समतल हो चुका है, और 2025 के मध्य तक पूरी तरह से साफ होने की उम्मीद है।

# डंपसाइट से आजादी

## रामापुरम, तिरुपति







आंध्र प्रदेश के तिरुपति में स्थित रामापुरम डंपसाइट, जहां कभी 2.04 लाख मीट्रिक टन अप्रबंधित कचरा मौजूद था, उसको 2018 और 2021 के बीच पूरी तरह से रिमिडिएट किया गया है। बायो-रिमिडिएशन, मैकेनिकल सेग्रीगेशन और रिफ्यूज-ड्राइव्ड फ्यूल (RDF) निर्माण की तीन चरणों वाली प्रक्रिया का उपयोग करके, इस स्थल का वैज्ञानिक तरीके से जीर्णोद्धार किया गया। इस पहल से 25 एकड़ मूल्यवान शहरी भूमि पुनः प्राप्त हुई, जो अब कचरे से मुक्त और स्थिर है। यह परिवर्तन स्थायी शहरी अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# डंपसाइट से आजादी

## नाकरावाड़ी, राजकोट







गुजरात के राजकोट ने स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत, 16 लाख टन पुराने कचरे का बोझ झेल रहे दशकों पुराने नाकरावाड़ी डंपसाइट को 20 एकड़ के शहरी हरित क्षेत्र में बदल दिया। यहां से निकले RDF को जामनगर के अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने वाले संयंत्र में भेजा गया, 50 हजार टन सेमी-कंपोस्ट खाद का इस्तेमाल भूमि को समतल करने के लिए किया गया और मियावाकी तकनीक का उपयोग करके 2.35 लाख देशी पेड़-पौधे लगाए गए।

# डंपसाइट से आजादी

## बॉम्बगढ़, लेह







लेह, लद्दाख के बॉम्बगढ़ स्थित लेगेसी वेस्ट डंपसाइट का सफलतापूर्वक रिमिडिएशन किया गया है और 61,637 मीट्रिक टन अपशिष्ट का प्रसंस्करण किया गया है। यहां लगभग 20.26 हेक्टेयर भूमि का पुनर्ग्रहण किया गया है, एक-तिहाई भूमि को हरित क्षेत्र में बदला गया है और अब तक 100 पेड़-पौधे लगाए जा चुके हैं। शेष क्षेत्र को एक कंस्ट्रक्शन और डेमोलेशन (C&D) वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के लिए निर्धारित किया गया है।



# 79वां स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2025)

## माननीय प्रधानमंत्री के भाषण के मुख्य अंश

"बढ़ती इकोनॉमी की लाभार्थी हमारी नारी है, लेकिन बढ़ती इकोनॉमी को गति देने में भी हमारी नारी का बहुत बड़ा योगदान है, स्टार्टअप से लेकर स्पेस सेक्टर तक हमारी बेटियां छाई हुई हैं। 10 करोड़ सेल्फ हेल्प ग्रुप की बहनें, क्या कमाल कर रही हैं। नमो ड्रोन दीदी नारी शक्ति की एक नई पहचान बनी।"

"आज 15 अगस्त के ही दिन, मेरे देश के युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ रुपये की योजना हम चालू कर रहे हैं, लागू कर रहे हैं। आज से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, आज ही 15 अगस्त को लागू हो रही है। इस योजना के तहत, निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले नौजवान को, बेटे-बेटी को 15000 रुपये सरकार की तरफ से दिए जाएंगे।"

"हम स्वदेशी मजबूरी में नहीं, मजबूती के साथ उपयोग करेंगे। मजबूती के लिए उपयोग करेंगे और जरूरत पड़ी तो औरों को मजबूर करने के लिए उपयोग करेंगे, यह हमारी ताकत होनी चाहिए। यह हमारा मंत्र होना चाहिए।"






आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने 2 से 15 अगस्त 2025 तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 'हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता' (HGT-HGS) अभियान शुरू किया। यह अभियान संस्कृति मंत्रालय के 'हर घर तिरंगा' अभियान द्वारा किए जा रहे सभी प्रयासों का एक अभिन्न अंग है, जो नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने सहित तिरंगे व स्वच्छता से व्यक्तिगत एवं भावनात्मक जुड़ाव बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**'हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता' अभियान के हिस्से के रूप में, शहरी स्थानीय निकायों ने अधिक आवाजाही वाले और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया, जैसे:**

- स्कूलों में दीवारों की सफाई सहित तिरंगे से प्रेरित रचनाओं से सजावट
- पुन: उपयोग योग्य एवं पर्यावरण हितकारी सामग्रियों के उपयोग से तिरंगा संबंधी कलाकृतियों के निर्माण के लिए SHGs को जुटाना
- जीरो वेस्ट इवेंट्स
- 'वोकल फॉर लोकल' और 'रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल' की भावना से पर्यावरण हितकारी और स्थानीय रूप से निर्मित सामग्री
- कचरे के सेग्रीगेशन के बारे में घर-घर जागरूकता अभियान पर विशेष जोर रहा
- स्वच्छता ऐप से प्राप्त शिकायतों पर विशेष रूप से दिया गया ध्यान

# हर घर तिरंगा
# हर घर स्वच्छता

## तिरंगा निर्माण के लिए स्वयं सहायता समूहों ने बढ़ाए कदम



अंगुल, ओडिशा

ओडिशा के अंगुल में महिला स्वयं सहायता समूह गर्व से 'हर घर तिरंगा' मुहिम के लिए तिरंगे सिल रहे हैं - देशभक्ति, सशक्तीकरण और राष्ट्र निर्माण के धागे बुन रहे हैं।



जम्मू

जम्मू और कश्मीर में महिला स्वयं सहायता समूहों ने मिलकर पर्यावरण के अनुकूल तिरंगे बनाए, जो स्वच्छता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

## जीरो वेस्ट इवेंट्स

जयपुर




ग्रेटर जयपुर में जीरो-वेस्ट इवेंट का आयोजन किया गया, जिसमें प्लास्टिक की जगह कुल्हड़ और पत्तों से बनी प्लेटों का इस्तेमाल किया गया। मेहमानों को सस्टेनेबिलिटी का संदेश देने के लिए पौधे और जूट के थैले दिए गए।।



मोहनपुर

त्रिपुरा के मोहनपुर में टीम स्वच्छ ने देशभक्ति का जश्न मनाने और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 'जीरो वेस्ट मेगा क्विज़' का आयोजन किया।

# हर घर तिरंगा
# हर घर स्वच्छता

## ईको-फ्रेंडली झंडे



**सूरत**

सूरत के 5-आर केंद्रों में स्वयं सहायता समूहों ने पर्यावरण के अनुकूल राष्ट्रीय ध्वज बनाए, जिनमें स्थायित्व के माध्यम से सामुदायिक सशक्तीकरण के साथ देशभक्ति का संदेश दिया गया।



**बिलासपुर**

बिलासपुर में 9,000 स्वच्छता दीदियों ने पर्यावरण के अनुकूल झंडों के साथ स्वच्छता को बढ़ावा दिया, जबकि स्थानीय विक्रेताओं ने 9,500 तिरंगे बेचे।

## रंगोली निर्माण की पहल



**जैसलमेर**

महिला स्वयं सहायता समूहों ने जैसलमेर के सोनार किले के मुख्य द्वार के पास 'हर घर तिरंगा' थीम पर रंगोली बनाई और इस पहल में नागरिकों को शामिल किया।



**रायपुर**

रायपुर में छात्रों ने स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देते हुए रंगोली के माध्यम से 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान को जन आंदोलन में बदल दिया।

# हर घर तिरंगा
# हर घर स्वच्छता

## स्वच्छता कार्यक्रम



### चंडीगढ़

चंडीगढ़ की टीम स्वच्छ ने एक स्वच्छता कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जिसमें 100 स्वच्छ युवा दूतों ने पार्कों की सफाई की और स्थानीय निवासियों को कचरा मुक्त शहर के लिए प्रेरित किया।



### दिल्ली

'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के तहत, MCD ने राज्य को GVP से मुक्त बनाने के लिए शहरव्यापी प्लॉगिंग अभियान और जागरूकता की पहल शुरू की।

## तिरंगे और स्वच्छता के लिए युवा हुए एकजुट

### पिंपरी चिंचवाड़



पिंपरी चिंचवाड़ में स्कूली छात्रों ने भारत के नक्शे की एक प्रेरणादायक मानव आकृति बनाकर स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य को लेकर भी सशक्त संदेश दिया।

### इंदौर



इंदौर में गुजराती स्कूल के विद्यार्थियों ने 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए मानव श्रृंखला बनाई।

# अभियान के परिणाम

**1,22,695**

स्वतंत्रता दिवस के बाद स्वच्छता अभियान आयोजित

**4,35,913**

SHG से जुड़ी महिलाओं की तिरंगा निर्माण में भागीदारी

**2,76,803**

ध्वजारोहण स्थल रहे सिंगल यूज प्लास्टिक (SUP) मुक्त

**47,225**

GVPs/CTUs हुए परिवर्तित

**15,719**

RRR केंद्र हुए शामिल

**10,48,023**

‘हर घर स्वच्छता’ के तहत हुए घर-घर अभियान

**1,90,063**

स्वच्छता अभियान चलाए गए





# स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 पर राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ समीक्षा बैठक
# 26 अगस्त 2025



माननीय केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक उच्च-स्तरीय वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में माननीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू भी उपस्थित रहे। इस बैठक में स्वच्छता लक्षित इकाइयों (CTUs) की मैपिंग एवं रूपांतरण के लिए नैशनल फ्रेमवर्क के शुभारंभ के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U) के अंतर्गत 'स्वच्छ शहर जोड़ी' (SSJ) पहल के लिए ऑपरेशनल गाइडलाइंस जारी की गईं, जो कि एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



**राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों को संबोधित करते हुए, माननीय केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने शहरी विकास और नीति कार्यान्वयन में बदलाव के वाहक के रूप में स्वच्छता लक्षित इकाइयों (CTUs) की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, "स्वच्छता लक्षित इकाइयों की सफ़ाई का उद्देश्य आँखों को चुभाने वाले स्थानों को गौरवपूर्ण क्षेत्रों में बदलना, सार्वजनिक स्थलों की गरिमा को बहाल करना और कचरा मुक्त शहरों के 'व्यापक स्वच्छ भारत मिशन 2.0 दृष्टिकोण' को मजबूत बनाना है। यह सुनिश्चित करता है कि स्वच्छता केवल कागज़ों तक ही सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक नागरिक अपने दैनिक जीवन में इसे खुद देखे, महसूस करे और अनुभव करे।"**

**शहरी विकास मंत्रियों से अपने संबोधन में माननीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने कहा, "एसबीएम-यू 2.0 के पूरा होने में अब 12 महीने शेष हैं, इसलिए हमें एकजुट होकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तेज़ी से आगे बढ़ना होगा, जिससे विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त होगा। अब समय आ गया है कि सभी राज्यों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में तेज़ी से हस्तक्षेप किया जाए।"**





स्वच्छ शहर जोड़ी (SSJ) के लिए ऑपरेशनल गाइडलाइंस का डिजिटल शुभारंभ - स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के 72 शीर्ष प्रदर्शन करने वाले मेंटर शहर, 72 उम्मीद से कम प्रदर्शन करने वाले मेंटी शहरों का मार्गदर्शन करेंगे।

# केंद्रीय मंत्री ने किया शहरी विकास पर राज्यों के साथ चर्चाओं का नेतृत्व





माननीय केंद्रीय मंत्रियों, श्री मनोहर लाल एवं श्री भूपेंद्र यादव ने 2 अगस्त 2025 को गुरुग्राम में प्रस्तावित 10,000 एकड़ के जंगल सफारी का निरीक्षण किया, जिसका उद्देश्य ईको-टूरिज्म, संरक्षण और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देना है।



माननीय केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने 31 जुलाई 2025 को मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव से मुलाकात की और राज्य की प्रमुख शहरी विकास प्राथमिकताओं पर गहन चर्चा की।

29 जुलाई 2025 को असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा ने राज्य में शहरी विकास को तेजी देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए माननीय केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल से नई दिल्ली में मुलाकात की।



# केंद्रीय मंत्री ने किया शहरी विकास पर राज्यों के साथ चर्चाओं का नेतृत्व




सफाई कर्मचारियों को उनकी अनमोल सेवा के लिए सम्मानित करने और आभार व्यक्त करने के लिए 26 जुलाई 2025 को करनाल में 'सफाईमित्र सम्मान समारोह' आयोजित किया गया।

26 जून 2025 को कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विकसित भारत 2047 के विजन को आगे बढ़ाने में कौशल को निरंतर निखारने की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।





माननीय केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल और मिजोरम के माननीय गृह मंत्री श्री के. सपदांगा ने 18 जुलाई 2025 को राज्य की शहरी विकास से जुड़ी प्राथमिकताओं पर चर्चा की।

23 जून 2025 को नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ बैठक, जिसमें ओडिशा के शहरी विकास के लिए प्रमुख प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। इसमें सिविक इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और ई-मोबिलिटी की पहल को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।



# फील्ड विजिट








आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) के सचिव श्री श्रीनिवास कटिकिथला ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 10 जुलाई 2025 को तिरुपति का दौरा किया। टीम ने साइंटिफिक वेस्ट प्रोसेसिंग संबंधी पहलों की समीक्षा के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण किया, इसके बाद UGD डैमेजेस का आकलन करने और लॉन्ग टर्म सैनिटेशन एक्शन के लिए सुधार योग्य कारगर उपायों का प्रस्ताव देने के लिए रेनिगुंटा रोड का क्षेत्रीय दौरा किया। इस दौरे में श्री सिटी का भी निरीक्षण शामिल रहा।







11 अगस्त 2025 को MoHUA के सचिव श्री श्रीनिवास कटिकिथला ने राज्य के अधिकारियों के साथ 'वेस्ट टू एनर्जी' ऑपरेशन्स की समीक्षा करने के लिए जवाहरनगर इंटिग्रेटेड फैसिलिटी का दौरा किया। इसमें अपशिष्ट प्रसंस्करण, ऊर्जा उत्पादन, पर्यावरण सुरक्षा और हैदराबाद में लैंडफिल निर्भरता को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# फील्ड विजिट






श्री श्रीनिवास कटिकिथला, सचिव, MoHUA ने 1 अगस्त 2025 को राज्य के अधिकारियों के साथ जयपुर के लांगरियावास में 'वेस्ट टू एनर्जी' प्लांट का दौरा किया। जिंदल अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड द्वारा संचालित यह प्लांट प्रतिदिन 1000 मीट्रिक टन अपशिष्ट का प्रसंस्करण कर 12 मेगावाट ऊर्जा उत्पन्न करता है।






स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के अंतर्गत राज्य के स्वच्छता संबंधी प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए 14 अगस्त 2025 को जयपुर, राजस्थान में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती रूपा मिश्रा की अध्यक्षता में मिशन की प्रगति में तेज़ी लाने के लिए प्रमुख शहरी पहलों और रणनीतियों पर चर्चा की गई।

# स्वच्छ रक्षाबंधन



## जयपुर

जयपुर के RRR सेंटर में महिला स्वयं सहायता समूहों ने 'रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल' - 3R सिद्धांतों को अपनाते हुए पुराने कपड़ों और कबाड़ को सस्टेनेबल राखियों में बदल दिया।

## इंदौर

इंदौर में टीम स्वच्छ ने एक अनोखी राखी तैयार की, जिसके माध्यम से कचरे को सही कूड़ेदान में पहुंचाने के लिए उचित सेग्रीगेशन को बढ़ावा देकर स्वच्छ आदतों को अपनाने का संदेश दिया गया।





## गोरखपुर

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में स्कूली बच्चों ने सफाईमित्रों की कलाइयों पर राखियां बांधीं और उन्हें सच्चे स्वच्छता योद्धा के रूप में सम्मानित किया।

## लखनऊ

लखनऊ के न्यू पब्लिक स्कूल में 'वेस्ट टू बेस्ट' रक्षाबंधन का आयोजन किया गया, जहां छात्रों ने बेकार घरेलू सामग्रियों से पर्यावरण के अनुकूल राखियां बनाईं।





## भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में 250 विद्यार्थियों ने पर्यावरण के अनुकूल उत्सव मनाने का संदेश फैलाने के लिए राखी के आकार में मानव श्रृंखला बनाई।



# लखनऊ के सच्चे स्वच्छता चैंपियन






लखनऊ के हृदयस्थल में, जहां गोमती नदी शहर की जीवनरेखा के रूप में बहती है, स्वच्छता के एक सच्चे प्रणेता - श्री रणजीत सिंह - रहते हैं। पिछले 10 वर्षों से, वे गोमती नदी सफाई अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं और लगातार 372 हफ़्तों तक हर रविवार को नदी की सफाई करते रहे हैं। उनके नेतृत्व में, स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए नदी के किनारों और सार्वजनिक स्थानों से लावारिस मूर्तियों और पूजा सामग्री को इकट्ठा करते हुए प्रभावशाली मूर्ति उठाओ अभियान भी चलाया है। उनके काम को खास बनाने वाली बात है इसके पीछे का व्यक्तिगत त्याग - अपनी जेब से खर्च करना, विलासिता से दूर रहना और इस उद्देश्य के लिए अपना जीवन समर्पित करना। उनके प्रयासों को लखनऊ नगर निगम ने मान्यता दी है, जो अब सामग्री के उचित निपटान में उनका सहयोग करता है। ऐसे वर्ष में जब लखनऊ स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग में चमक रहा है, रणजीत सिंह जैसे नागरिक हमें याद दिलाते हैं कि कैसे व्यक्तिगत प्रतिबद्धता सामूहिक परिवर्तन को गति दे सकती है।





# सोशल मीडिया ट्रेंड्स

## #SwachhSurvekshan 2025







## #SafaiApnaoBimaariBhagao







## #HarGharTiranga #HarGharSwachhata






# स्वच्छता खबरों में


सर्वेक्षण 2025
हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान
कॉलेज, स्कूलों और संस्थाओं में आयोजित की गई विविध गतिविधियां
हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान को लेकर विविध कार्यक्रम
स्वच्छ छिंदवाड़ा, सुंदर छिंदवाड़ा
नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा


होलंबी कलां के ई-वेस्ट प्लांट की क्षमता होगी दोगुनी, अपनाया जाएगा नार्वे का माडल


फैशन की दुनिया में अब 'वेस्ट' भी बन सकेगा 'वैल्यू'
फास्ट फैशन से ग्रीन फैशन की ओर...


हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के तहत 'बंधन स्वच्छता का' कार्यक्रम में छात्राओं ने सफाई मित्रों को बाँधी राखी
स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने की दिशा में प्रभावी कदम


स्वच्छता में जन सहभागिता जरूरी : शर्मा


जल्द शुरू होगा स्वच्छता चैलेंज, हस्तियों को अभियान से जोड़ेंगे


पत्रिका
बारिश के मौसम में लोगों की पहली पसंद बना पार्क
डी पार्क: इंफ्लुएंसर बना रहे वीडियो, बच्चों को लुभा रही स्वच्छता ट्रेन


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ स्वच्छ भारत मिशन अभियान सामाजिक परिवर्तन की मिसाल


महिला सफाईकर्मी से कराया पूजन, स्वच्छता सखियों को स्वच्छता किट भेंट
शहर को मिले 50 नए ऑटो टिपर
मंत्री भूपेन्द्र यादव ने किया लोकार्पण


SWACHH SURVEY 2024
City Cleans Its Act, Breaks Into Top League
Jumps To 3rd Spot: 100% Door-To-Door Waste Collection Helps Get Honour
Swachh buckling show: LMC's waste mgmt and green initiatives


दैनिक भास्कर
अलवर भास्कर 03-08-2025
शहर को मिले 50 और ऑटो टिपर, कचरा संग्रहण के लिए अब ज्यादा वाहन, कवरेज एरिया भी बढ़ेगा


THE TIMES
BIHAR CM NITISH ANNOUNCES 125 UNITS OF FREE ELECTRICITY, GIVING A POTENTIAL NO-BILL BONANZA AHEAD OF STATE POLLS
Swachhta Survey: Lko among 3 cleanest cities
Prayagraj Again Gets Cleanest Ganga City Title
MILLION PLUS CITIES RANKING


अमर उजाला
आगरा सिटी
कूड़े का पहाड़ निपटाया, तब देश में नाम कमाया


ICSI and IMC join hands for cleanliness drive
Initiative held under student month to promote civic hygiene, youth engagement and Swachh Bharat Mission awareness
Our Staff Reporter


UP urban secy learns nitty gritty of Indore's cleanliness model
Our Staff Reporter


'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान: दो नवाचारों की शुरुआत


कचरा जीरो, जयपुर हीरो... यह सिर्फ सफाई की बात नहीं, शहर को नई सोच से चमकाने का अ


Dasara elephants spearhead 'Har Ghar Tiranga' march with 'Swachh Mysuru' message




## स्वच्छ भारत मिशन पर ज्यादा जानकारी के लिए

**हमें फॉलो करें:**

Swachh Bharat Mission – Urban | @SwachhBharatGov | sbm_urban | Swachh Bharat Urban | swachh-bharat-urban